वी.यू. में आर.के.व्ही.वाई. परियोजना के अंतर्गत भ्रूण प्रत्यारोपण द्वारा गिर बछिया का जन्म



नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत् पशु जैव प्रोद्यौगिकी केंद्र द्वारा संचालित मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) के अंतर्गत् पशुधन प्रक्षेत्र में भ्रूण प्रत्यारोपण विधि द्वारा गैर वर्णित (देसी) गाय में गिर नस्ल की गाय के भ्रूण प्रत्यारोपण द्वारा गिर नस्ल की बछिया ने जन्म लिया। यह कार्य डॉ. मनीश शुक्ला परियोजना के को–पी.आई. (वैज्ञानिक गॉयनीकॉलॉजी विभाग) के नेतृत्व में एवं डॉ धर्मेंद्र कुमार (टीचिंग एसोसियेट), ललित मोहन जीना एवँ संदीप रहंगडाले (सीनियर रिसर्च फेलो) डॉ. नीरज वर्मा, अंकुर सिंह आदि छात्रों की टीम ने लगभग 10 माह पूर्व 01 गिर गाय से सुपरओव्यूलेशन द्वारा उत्पन्न एक भ्रूण का देसी गाय में कृत्रिम गर्भाधान द्वारा प्रत्यारोपित किया गया। जिससे दिनाँक 27.05.2018 को 01 स्वस्थ बछिया का जन्म हुआ। यह भ्रूण प्रत्यारोपण द्वारा बछिया के जन्म की इस विश्वविद्यालय में प्रथम उपलब्धि है।

इस सफलता हेतु कुलपति डॉ. पी.डी. जुयाल द्वारा पूरी टीम को बधाई दी गई एवँ भविष्य में और उत्साह पूर्वक कार्य कर ऐसी अनेकों सफलताओं की उपलब्धि हेतु कामना की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर